Page No.___ Date ___/___/20___

# पाठ - २ (दादी माँ)

कहानी से

## कक्षा - सातवीं

प्र० लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है?

उ० लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की अन्य निम्नलिखित बातों की याद आ जाती है।

1. अपने शुभचिंतक मित्रों की जो उसे प्रसन्न करने के लिए छुट्टियों की सूचना देते हैं और पीठ पीछे मजाक उड़ाते हैं। क्वार के महीने की याद जब वह एक विचित्र गंध छोड़ता है।
२. बचपन में ज्वर का चढ़ना और दादी माँ की सेवा
3. किशन भैया की शादी का मौका और उस समय औरतों का चार-पाँच दिन तक गीत और अभिनय का कार्यक्रम।
5. रमी चाची की घटना।

प्र०२ दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी?

उ० दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति इसलिए खराब हो गई थी क्योंकि उनके श्राद्ध पर पिताजी ने काफी धन खर्च कर दिया था। धोखेबाज और दिखावी मित्रों ने स्थिति को और भी खराब कर दिया था।

प्र०३ दादी माँ के स्वभाव का कौन-सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगा और क्यों?

उ० दादी के स्वभाव का वह पक्ष हमें सबसे अच्छा लगा जिसमें वे दूसरों के प्रति अपनी चिंता रखती हैं। वे बीमार के पास बैठकर उसकी पूरी देखभाल करती थी, उसकी दवा का प्रबंध अपने ढ़ंग से करती थी। मुँह से भले ही कड़वी लगती थी।

Red Wings
Page No. ___ Date ___/___/20___

पाठ - २
कक्षा - सातवीं (हिंदी-पुस्तिका से)

कहानी से आगे

प्र०१ आपने इस कहानी में महीनों के नाम पढ़े जैसे-क्वार आषाढ़, माघ इन महीनों में मौसम कैसा रहता लिखिए।

उ० क्वार -: गरमी का अंत हो रहा होता है। हल्की-हल्की ठंड शुरू हो जाती है। दशहरा इस मास का प्रमुख त्योहार है।
आषाढ़ -: यह मास वर्षा का है। इस महीने खूब वर्षा हो रही है। वर्षा न होने पर गरमी रहती है।
माघ -: यह महीना सर्दी का है। माघ के पहले पंद्रह दिन भयंकर सर्दी पड़ती है फिर सर्दी का जोर घटता चला जाता है।

प्र०२ अपने - अपने मौसम की अपनी - अपनी बातें होती हैं - लेखक के इस कथन के अनुसार यह बताइए कि किस मौसम में कौन - कौन सी चीजें विशेष रूप से मिलती हैं?
गर्मी -: गरमी के मौसम में तेज गरमी पड़ती है। इस मौसम में तरबूज - खरबूज खूब होते हैं।
वर्षा -: के मौसम में बारिश होती है। दिन धूप से तपता है। खाने को आम मिलते हैं।
सर्दी -: इस मौसम के आते ही गरमी से छुटकारा मिल जाता है। यह मौसम स्वास्थ्यवर्धक होता है। खाने को सेब, अमरूद आदि मिलते हैं।